महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

डॉ. संदीप मधुकर सपकाळे
नोडल अधिकारी, डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र
Dr. Sandeep Madhukar Sapkale
Nodal Officer, Dr. Ambedkar Centre for Excellence

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

क्र. 017/2022/DACE/
दिनांक : 05.04.2026

सूचना

डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र (DACE) में कर्मचारी चयन आयोग (SSC) एवं बैंकिंग परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग योजना के अंतर्गत आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अंतिम प्रवेश हेतु मूल प्रमाण पत्रों की जाँच, साक्षात्कार एवं काउंसलिंग का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है:

दिनांक: 07.04.2026 एवं 08.04.2026, **समय:** पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक

स्थान: बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर समता भवन, डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र, म.गां.अं. हिं.वि., वर्धा

सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित मूल (Original) दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों:

1. कक्षा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की अंकतालिकाएँ एवं प्रमाणपत्र
2. CGPA को विश्वविद्यालय के निर्धारित सूत्रानुसार प्रतिशत में रूपांतरण प्रमाण
3. अनुसूचित जाति (SC) हेतु केंद्र सरकार के प्रारूप में मूल जाति प्रमाणपत्र
4. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) हेतु जाति प्रमाणपत्र के साथ चालू वर्ष का नॉन क्रीमी लेयर (NCL) प्रमाणपत्र
5. आधार से लिंक मोबाइल नंबर बैंक खाते का विवरण

महत्वपूर्ण निर्देश:

- निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा अवसर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी को प्रदान किया जाएगा।
- DACE के दिशा-निर्देशों के अनुसार कुल 100 सीटों में से न्यूनतम 50% सीटें भरने पर ही कोचिंग कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी।
- चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश संबंधी सूचना ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

कक्षाओं का संचालन:

- दिनांक **10.04.2026** से कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार सायं 06:00 से 08:00 बजे तक **माधवराव सप्रे सभागार** में आयोजित होंगी। शनिवार एवं रविवार को कक्षाएं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समयानुसार संचालित होंगी।

अतः सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

05.04.2026
(डॉ. संदीप मधुकर सपकाळे)

प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा) :

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/केंद्र निदेशक
3. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण
4. कुलानुशासक
5. परीक्षा नियंत्रक
6. वित्त अधिकारी
7. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
8. प्रभारी लीला (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/**E-mail:** dace.mgahv@hindivishwa.ac.in, वेबसाइट/Website: **www.hindivishwa.org**